# 9 ब्लॉक में विकास कार्यों पर खर्च होगा 15.89 करोड़ का बजट,

# डी प्लान के तहत खर्च होगा 23 करोड़ 75 लाख का बजटः सुधा

## राज्य मंत्री ने डीडीएमसी की पहली बैठक में करनाल को दी विकास कार्यों की सौगात




हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय एवं सभी के लिए आवास राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि जिला योजना स्कीम (डी प्लान) के तहत करनाल जिला के शहरों और गांवों के विकास कार्यों पर 23 करोड़ 75 लाख 13 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इस बजट की 30 प्रतिशत राशि गलियों के साथ ड्रेन और 70 प्रतिशत राशि शिक्षा, सामुदायिक केंद्र, स्वास्थ्य, पीने के पानी, सिंचाई, खेल, आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण और स्थानीय जरूरतों के अनुसार अन्य विकास कार्यों पर खर्च की जाएगी। अहम पहलू है कि यह राशि ब्लॉक और नगर पालिका की जनसंख्या के आधार पर खर्च की जाएगी।राज्य मंत्री सुभाष सुधा गत देर सायं जिला विकास एवं निगरानी कमेटी की पहली बैठक संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त उत्तम सिंह और एडीसी अखिल पिलानी ने वर्ष 2023-24 में किए गए विकास कार्यों और उनकी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा वर्ष 2024-25 में किए जाने वाले विकास कार्यों की रिपोर्ट राज्य मंत्री के समक्ष रखी है। राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार का मुख्य फोकस शहरों और गांवों का समान रूप से विकास करवाना है। इन विकास कार्यों के लिए सरकार की ओर से लगातार बजट उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसी तरह गांवों व शहरों में जनसंख्या के आधार पर एससी और जनरल कम्पोनेंट के तहत डी प्लान के माध्यम से भी विकास कार्यों पर बजट खर्च किया जाता है। इस डी प्लान के तहत वर्ष 2024-25 में जनरल कम्पोनेंट के तहत कुल 14 करोड़ 25 लाख 8 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

इसमें से ग्रामीण क्षेत्र में 9 करोड़ 53 लाख 53 हजार, शहरी क्षेत्र में 4 करोड़ 71 लाख 55 हजार रुपये की राशि शामिल है।राज्य मंत्री ने कहा कि डी प्लान के ही एससीएसपी कम्पोनेंट के तहत कुल 9 करोड़ 50 लाख 5 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इस राशि में से 6 करोड़ 35 लाख 68 हजार की राशि ग्रामीण और 3 करोड़ 14 लाख 37 हजार रुपये की राशि शहरी क्षेत्र में खर्च की जाएगी। इस प्रकार कुल 23 करोड़ 75 लाख 13 हजार के बजट में से 15 करोड़ 89 लाख 21 हजार की राशि ग्रामीण क्षेत्र और 7 करोड़ 85 लाख 92 हजार की राशि शहरी क्षेत्र में खर्च की जाएगी। इन सभी विकास कार्यों पर मोहर लगा दी गई है और सभी कार्य जल्द से जल्द शुरू कर दिए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए कि विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के साथ-साथ निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखना होगा। यहां विधायक हरविंद्र कल्याण, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, ज़िलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, उपायुक्त उत्तम सिंह, एसपी दीपक सहारण, एडीसी अखिल पिलानी आदि रहे।

### 9 ब्लॉक में विकास कार्यों पर डी प्लान के तहत खर्च

राज्य मंत्री ने कहा कि डी प्लान के तहत ब्लॉक की जनसंख्या के अनुसार विकास कार्यों पर जनरल और एससी कम्पानेंट के तहत बजट खर्च किया जाएगा। इस करनाल जिले के ब्लॉक असंध में 2 करोड़ 12 लाख 72 हजार की राशि विकास कार्यों पर खर्च की जाएगी। इसी तरह करनाल ब्लॉक में 1 करोड़ 71 लाख 83 हजार, नीलोखेड़ी ब्लॉक में 2 करोड़ 59 लाख 73 हजार, घरौंडा ब्लॉक में 2 करोड़ 25 लाख 99 हजार, इंद्री ब्लॉक में करोड़ 62 लाख, निसिंग ब्लॉक में 1 करोड़ 3 लाख 81 हजार, चिड़ाव ब्लॉक में 1 करोड 5 लाख 55 हजार, मुनक ब्लॉक में 1 करोड़ 87 लाख 82 हजार तथा कुंजपुरा ब्लॉक में 1 करोड़ 59 लाख 75 हजार की राशि विकास कार्यों पर खर्च की जाएगी। इस प्रकार इन 9 ब्लॉक में 15 करोड़ 89 लाख 21 हजार रुपये का बजट खर्च होगा।

### शहरी क्षेत्रों में डी प्लान के तहत खर्च

राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि नगर निगम करनाल के अलावा असंध, नीलोखेड़ी, घरौंडा, इंद्री, निसिंग व तरावड़ी नगर पालिकाओं में डी प्लान के तहत 7 करोड़ 85 लाख 92 हजार का बजट खर्च होगा। इसमें से असंध नगर पालिका में 42 लाख 80 हजार, नगर निगम करनाल में 5 करोड़ 59 लाख 11 हजार, नीलोखेड़ी में 28 लाख 30 हजार, घरौंडा में 59 लाख 67 हजार, इंद्री में 27 लाख 59 हजार, निसिंग में 27 लाख 51 हजार, तरावड़ी नगर पालिका में 40 लाख 93 हजार की राशि विकास कार्यों पर डी प्लान के तहत खर्च होगी।

## खबर संक्षेप

### समाधान शिविरों में 20 शिकायतों का निपटारा

**करनाल।** सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। ऐसे ही शिविर नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित किए गए। इन शिविरों में 20 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया। अधिकारियों ने सुबह 9 से 11 बजे तक लोगों की शिकायतें सुन उनका उचित समाधान किया। करनाल में आयोजित शिविर में चार मामले निपटाए गए।

### सीएम फ्लाइंग की सीएमओ कार्यालय में छापेमारी

**करनाल।** गुरुवार को सीएम फ्लाइंग ने करनाल के सीएमओ कार्यालय में छापेमारी की और एंबुलेंस सेवा को लेकर जांच की। बताया जा रहा कि जांच में कई खामियां मिली। करीब चार घंटे तक मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के एसआई शेर सिंह, योगेंद्र, एएसआई रमेश, ने एंबुलेंस से संबंधित पूरा रिकॉर्ड खंगाला और जांच के लिए अपने कब्जे में भी ले लिया। सुबह कार्यालय में पहुंचते ही टीम ने सबसे पहले कर्मचारियों का हाजरी रजिस्टर चेक किया। इस दौरान कर्मचारियों में खलबली मची रही।

### बाढ़ को लेकर एसडीएम ने ली अफसरों की बैठक

**इंद्री।** एसडीएम कार्यालय इंद्री मे एसडीएम अशोक कुमार ने बाढ़ राहत बचाव कार्यों को लेकर उपमंडल के अधिकारियों की बैठक ली और निर्देश दिए कि बरसात के मौसम से पहले समय रहते बाढ़ बचाव राहत कार्य पूर्ण कर लिए जाए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि वे समय समय पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते रहें और वहां के लोगों से संपर्क बनाए रखें।

### विधायक ने किया अटल कैंटीन का निरीक्षण

**इंद्री।** विधायक रामकुमार कश्यप ने नई अनाज मंडी इंद्री में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा खोली गई अटल किसान मजदूर कैंटीन का औचक निरीक्षण किया और वहां पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से उनके द्वारा तैयार किये जा रहे भोजन एवं साफ-सफाई के बारे विस्तार से जानकारी ली। कैंटीन में काम करने वाली महिलाओं से बातचीत की और उन्हें निरीक्षण के उपरांत कैंटीन में सभी व्यवस्थाएं ठीक मिली। विधायक ने बताया कि इस कैंटीन का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है।

### चीनी मिल प्रांगण में किया गया पौधरोपण

**करनाल।** दि करनाल सहकारी चीनी मिल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हितेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में वीरवार को मिल के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने मिलकर पौधा रोपण किया और पौधे लगाओ, पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया। इस मौके पर प्रबंध निदेशक ने मिल अधिकारियों सम्बोधित करते हुए कहा कि आज दुनिया ग्लोबल वार्मिक जैसी चिंताओं से ग्रसित है और समाज को पर्यावरण और मानवता के बीच के गहरे ताल्लुक को समझते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाएं।



### 10 जुलाई को प्रदर्शन करेगीं मिड डे मील वर्कर्स

**करनाल।** मिड डे मील वर्कर यूनियन अढाई महीने से मानदेय न मिलने व अन्य मांगों को लेकर 10 जुलाई को उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करेगी। प्रदर्शन की तैयारी के लिए जिला प्रधान शिमला देवी की अध्यक्षता में सीटू कार्यालय में जिला स्तरीय मीटिंग हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव संतोष ने किया। मीटिंग को सीटू राज्य महासचिव जयभगवान, सीटू जिला प्रधान सतपाल सैनी व कैशियर ओ पी माटा ने बताया की करनाल मे पिछले ढाई महीने से मिड डे मील वर्करो का मानदेय नही मिला है, जिसके कारण मिड डे मील वर्कर भूखा मरने की कगार पर पहुंच गई हैं। मानदेय न मिलने के कारण गर्मी की छुट्टियों में मिड डे मील वर्कर कहीं जा भी नही सकी है। यूनियन जब जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मानदेय देने बारे बात करते है तो वहा बजट न आने की दुहाई दे दी जाती है और पिछले कई महीनों से करनाल में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी का पद भी खाली पड़ा है। यूनियन ने फैसला लिया है कि यदि नौ जुलाई तक ढाई महीने का मानदेय नही दिया तो 10 जुलाई को जिला स्तर पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा।




### चौकीदार की मृत्यु पर मिलने चाहिए पांच लाख

**करनाल।** ग्रामीण चौकीदार सभा का जिला स्तरीय सम्मेलन मानव सेवा संघ में आयोजित किया गया। अध्यक्षता मदन कालरा ने की व संचालन महासचिव कलीराम ने किया। राज्य प्रधान बाबूराम ने प्रमुख तौर पर सम्मेलन को संबोधित किया। कलीराम व बाबूराम ने कहा कि वर्ष 2024 की सदस्यता निचले स्तर तक बढ़ाने के भरपूर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महंगाई के दौर में चौकीदारों का वेतन बहुत कम है। चौकीदार कार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करता है। चौकीदारों की मांगों को लेकर 10 जुलाई को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए अधिकारियों को ज्ञापन दिया जाएगा। सम्मेलन में जिला कमेटी का गठन किया गया। विक्रमजीत सिंह को प्रधान व मदन कलरा को सचिव की जिम्मेवारी मिली। जगदीश, जाकिर हुसैन व प्रदीप कुमार उपप्रधान, कलीराम कोषाध्यक्ष राज कुमार, चंद्रपाल, जरनैल सिंह, सोहनलाल व राम कुमार सह सचिव बनाए गए। जगमाल को सलाहकार तथा परवाराम को वरिष्ठ उपप्रधान बनाया गया।

# हर व्यक्ति को योग अपनाना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




दसवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2024 के सफल आयोजन पर जिला प्रशासन एवम आयुष विभाग करनाल द्वारा एक विशेष योग सेमिनार का आयोजन किया गया । जिसमे मेरा मिशन स्वस्थ भारत के प्रमुख दिनेश गुलाटी को और उनकी टीम को सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया। सेमिनार में मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने योग के बारे मे अपना वक्तव्य दिया। दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग को हर व्यक्ति को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग के बिना किसी व्यक्ति के सुंदर एवम स्वस्थ जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद के चेयरमैन विवेक चौधरी उपस्थित रहे। योग के क्षेत्र मे दिनेश गुलाटी और उनकी टीम गत 20 वर्षो से निशुल्क सेवा कर रही है और समाज को स्वस्थ करने में अपना योगदान दे रही हैं।उनके इस सराहनीय कार्य के लिए जिला परिषद के चेयरमैन विवेक चौधरी, जिला आयर्वेदिक अधिकारी डॉ सतपाल जस्ट ब्लॉक इंचार्ज डॉ नितिन रोहिला आयुष विभाग करनाल के योग विशेषज्ञ एवम हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी डॉ अमित पुंज ने मेरा मिशन स्वस्थ भारत के फाउंडर दिनेश गुलाटी और टीम के शिक्षकों नीलम बटला,निधि गुप्ता, वीना धीर, एनफ चौधरी,रश्मि जिंदल, राजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।

# संजय बठला सीएम नायब के ओएसडी नियुक्त

- बिना किसी भेदभाव के लोगों की समस्याओं का करेंगे समाधानः संजय बठला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पूर्व में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के करनाल प्रतिनिधि संजय बठला को उनकी कार्यकुशलता एवं पार्टी के प्रति वफादारी एवं उनके मिलनसार रवैये को देखते हुए अपना ओ एस डी नियुक्त किया है। संजय बठला की इस नियुक्ति पर आज करनाल में उनके निवास पर करनाल के लोगों द्वारा बधाईयां देने वालों का तांता लगा हुआ है। संजय बठला जो कि आर एस एस से जुड़े होने के साथ साथ भाजपा में विभिन्न पदों के अतिरिक्त नगर में अन्य कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। अपनी इस नियुक्ति पर संजय बठला ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का धन्यवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा उन पर विश्वास करते हुए उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसको वह जनता के सहयोग से बखूबी निभाने का प्रयास करेंगे और जनता की जो भी समस्याएं हैं उनको मुख्यमंत्री के माध्यम से समाधान करवाने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा एवं केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि पहले भी मैंने उनके मार्गदर्शन में लोगों की सेवा की है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में भी हमें यह सेवा भावना की शिक्षा दी गई थी और अब भी में लोगों की सेवा में तत्पर रहूंगा। इस मौके पर करनाल के कई गणमान्य लोग विशेषकर कृष्ण लाल तनेजा, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अघी, पूर्व पार्षद वीर विक्रम, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार, एडवोकेट राजेश शर्मा, संजय मदान, भाजपा आई टी जिला प्रमुख विकास कथूरिया, मनमीत बावा, सुनील मदान, संजय अरोड़ा, गुलशन नारंग, अमित खुराना, सुमित खुराना,अमित कुमार एवं प्रवीण कुमार, अनिल कुमार सहित अन्य कई लोगों ने उनको बधाई दी।

# भाजपा के शासन काल में मिला ओबीसी को लाभ

- ओबीसी समाज ने जताया मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



भाजपा कार्यालय करण कमल मे भाजपा ओ बी सी मोर्चा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा ओ बी सी समाज के लिए क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा को बढाकर 8 लाख करने, ग्रुप ए और ग्रुप बी के पदो में 15% आरक्षण को बढ़ाकर 27% करने एवं नौकरियों में पिछड़ा वर्ग-ए और बी के बैकलाग को प्राथमिकता के आधार पर भरने की घोषणा को लेकर मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा करणदेव काम्बोज का आभार व्यक्त करते हुए उनका धन्यवाद किया। इस मौके पर ओ बी सी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश सैनी ने बताया कि सरकार द्वारा क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा छह लाख रुपये से बढ़ाकर आठ लाख रुपये करने की घोषणा कर दी गई। केंद्र सरकार की तर्ज पर आय में वेतन और कृषि से आय को शामिल नहीं किया जाएगा। इससे ओबीसी वर्ग को काफी लाभ होगा। यही नहीं नौकरियों में पिछड़ा वर्ग-ए और बी के बैगलाग को जल्द ही प्राथमिकता के आधार पर भरा जाएगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने भगवान विश्वकर्मा योजना के तहत ओबीसी वर्ग के लोगों के लिए 18 ट्रेड में प्रशिक्षण देने के लिए 13 हजार करोड़ रुपये के बजट का प्रविधान किया है। केंद्र व प्रदेश सरकार ने अपने पिछले दस साल के कार्यकाल में जितना लाभ ओबीसी वर्ग को दिया है उतना पूर्व की विपक्ष की सरकार द्वारा कभी भी नहीं दिया गया। भाजपा कार्यालय करण कमल मे भाजपा ओ बी सी मोर्चा की बैठक का आयोजन किया गया।इस मौके पर उपस्थित सभी ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर पर केश कला बोर्ड के चेयरमैन यशपाल ठाकुर ,जिला अध्यक्ष ओ बी सी मोर्चा राजेश सैनी,जिला महामंत्री मोहन लोधी व अनिता जोशी व ओ बी सी मोर्चा के सभी जिला पदाधिकारीगण एंव सभी मंडल अध्यक्ष मौके उपस्थित रहे ।

# नशामुक्त अभियान में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 5 अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत अति सराहनीय सेवाओं के लिए 23 अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया यह कार्यक्रम पंचकूला सैक्टर 14 राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नर सिबास कविराज, पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत, पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार, राज्य भर से आए नोडल अधिकारी और अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। इस समारोह में हरियाणा में नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत अति सराहनीय सेवाओं के लिए 23 अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स (संपूर्ण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी), निरिक्षक राकेश कुमार (युनिट सिरसा), उप निरीक्षक राजेश कुमार (युनिट अंबाला), उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार (जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी), सहायक उप निरीक्षक दिनेश कुमार (पी आर ओ, हरियाणा एन सी बी) एवं सहायक उप निरीक्षक फुल कुमार (युनिट अंबाला) को नशा मुक्ति अभियान के अति सराहनीय उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर द्वारा प्रशंसा पत्र और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया।

# मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजनाः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। इंद्री मे आर्थिक सहायता राशि का चैक देते विधायक रामकुमार कश्यप ।

विधायक रामकुमार कश्यप ने मार्किट कमेटी इंद्री की ओर से मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत पवन कुमार पुत्र जाति राम निवासी गढी गुजरान को 5 लाख रुपये की वित्तीय आर्थिक सहायता राशि का चैक प्रदान किया। लाभार्थी की पत्नी रीना देवी पर खेत में कार्य करते हुए पेड़ की शाखा गिरने से घायल हो गई थी, लेकिन इलाज के दौरान की उसकी मृत्यु हो गई थी।

विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा कृषि संबंधी कार्यों में दुर्घटनाग्रस्त होने पर लोगों को आर्थिक सहायता बारे मुआवजा प्रदान किया जाता है। सरकार की नीति के तहत कृषि संबंधी कार्यों में दुर्घटनाग्रस्त होने पर किसी व्यक्ति के घायल होने, बाजू या हाथ की उंगली कटने, मृत्यु आदि मामलों में संबंधित व्यक्ति एवं उसके आश्रित को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।विधायक रामकुमार कश्यप ने बताया कि खेत में किसान व खेतिहर मजदूरों को दिन-रात काम करना पड़ता है और खेती बाड़ी के काम में बहुत ही सावधानियां बरतनी पड़ती है। इसके बावजूद भी कोई न कोई दुर्घटना हो जाती है। इन दुर्घटनाओं से ग्रस्ति व्यक्ति के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना चलाई है। उन्होंने कहा कि खेतीबाडी के कार्य में लगे लोगों को इस योजना की जानकारी होना बहुत ही आवश्यक है।

## किराया न भरने वाले दुकानदारों की दुकानों को निगम करेगा सील

# 20 किराएदारों को जारी किए गए अंतिम नोटिस

- दुकानदारों को दिया गया है एक सप्ताह का दिया समयः संयुक्त आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के निर्देश पर निगम की दुकानों का किराया न भरने वाली दुकानों को सील करने की कवायद तेज कर दी गई है। इसके लिए सम्बंधित दुकानदारों को तीन-तीन नोटिस पहले भी जारी किए जा चुके हैं। इनमें से जिन दुकानों का किराया काफी समय से बकाया चला आ रहा है, ऐसे 20 किराएदारों को अब अंतिम नोटिस जारी किए गए हैं। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त जसपाल ड्रूषसह गिल ने गुरूवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन किराएदारों की तरफ करीब 34 लाख रुपये किराया बकाया है। इसे जमा करवाने के लिए एक सप्ताह का अंतिम समय दिया गया है। अगर कोई किराएदार इस अवधि में भी दुकान का किराया जमा करवाने में रूचि नहीं लेता, तो उसके विरूद्घ हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 के तहत कार्रवाई करते हुए दुकानों को सील किया जाएगा। इसके पश्चात दुकान के किराए की वसूली सम्बंधित किराएदार से की जाएगी। यह दुकानें ज्ञान भूषण मार्किट, बांसो गेट, कम्बोपुरा तथा कर्ण पार्क इत्यादि क्षेत्रों की हैं।उन्होंने बताया कि बीते समय में नगर निगम कार्यालय द्वारा निगम की दुकानों का रेंट न भरने वाले 153 डिफाल्टर किराएदारों को प्रथम नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद कुछ किराएदारों ने निगम कार्यालय में आकर अपना किराया नगर निगम के कोष में जमा करवाया। इसके बाद किराया जमा करवाने के लिए 141 किराएदारों को दूसरा तथा 68 किराएदारों को तीसरा नोटिस जारी किया गया था। बावजूद इसके अभी तक कई किराएदारों ने दुकानों का किराया जमा नहीं करवाया है। उन्होंने जानकारी देते बताया कि चालू वित्त वर्ष में नगर निगम के कोष में करीब 36 लाख रुपये की राशि किराए के रूप में जमा हुई है। इसमें दुकानों का किराया और बकाया, दोनो राशि शामिल हैं। उन्होंने सभी किराएदारों से अपील की है कि वह अपना किराया समय पर नगर निगम के खजाने में जमा करवाएं।

### सभी डिफॉल्टर किराएदारों से पुनः अपील

अपील करते कहा है कि वह सम्बंधित दुकान का किराया एक सप्ताह के अंदर-अंदर नगर निगम के खजाने में जमा करवा दें और दुकान को सील होने से बचा लें। अन्यथा नगर निगम दुकान को सील कर उसे अपने कब्जे में ले लेगा।

## खबर संक्षेप

### शराब तस्करी के आरोप में दो लोग पकड़े

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी संदीप कुमार ने बताया कि थाना चांदनी बाग पुलिस की टीम ने विजय निवासी सेक्टर 29 पार्ट टू को 44 पव्वे व 20 अध्धे अवैध देसी शराब के साथ और थाना मतलौडा पुलिस टीम ने रामशरण निवासी गांव अदियाना जिला पानीपत को नौ बोतल अवैध देसी शराब सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया है।

### खंडरा का अवैध असला सप्लायर गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने अवैध असला सप्लायर विकास उर्फ विक्की निवासी गांव खंडरा जिला पानपत को गिरफ्तार किया है। आरोपी विकास पर सन्नी निवासी गांव बाल जटान को अवैध देसी पिस्तौल बेचने का आरोप है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि आरोपियों पर थाना सदर में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज है।

### आठ लाख की ठगी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस ने खेल कोटे से रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर गांव जाटल निवासी युवक से आठ लाख रुपए की ठगी करने मामले में नामजद आरोपी संदीप निवासी गांव बांध जिला पानीपत को गिरफ्तार कर लिया है। थाना तहसील कैंप प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि थाना तहसील कैंप में रणबीर की शिकायत पर केस दर्ज है।

### गांव राणा माजरा में घर से जेवरात चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव राणा माजरा निवासी सरवर के घर से चोरों ने सोने व चांदी से बने जेवर चोरी कर लिए। घटना वाली रात सरवर उत्तर प्रदेश गया हुआ था और उसकी पत्नी पत्नी अपने बच्चों के साथ छत पर सो रही थी। सुबह जब वह उठी तो उसने घर के दरवाजे खुले पाए। घर से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी मिली। वहीं, सरवर की शिकायत पर थाना सनौली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, पुलिस ने एफएसएल की टीम से भी घटनास्थल की जांच करवाई है।

### सेमिनार में समझाया नशे से होता है विनाश

**पानीपत।** यूथ वीरांगनाएं संस्था द्वारा नशा निरोधक दिवस के उपलक्ष्य में इंडस्ट्रियल एरिया में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर यूथ वीरांगनाएं संस्था की जिलाध्यक्ष बृज बाला ने नागरिकों से नशे की लत का त्याग करने की अपील की। इस अवसर पर यूथ वीरांगनाएं संस्था की सदस्य प्रियंका गाबा, अंजलि खुराना, गीता छाया, कोमल अरोड़ा, ज्योति व बृजबाला आदि उपस्थित रहे।

### जोगी समाज ने आभार जताया

**इसराना।** प्रदेश सरकार ने जोगी समाज की मांग को पूरा करते हुए हिसार के राजकीय महाविद्यालय का नाम बदल कर गुरु गोरक्षनाथ राजकीय महाविद्यालय कर दिया है। जिसको लेकर समाज में खुशी देखी जा सकती है। इसराना की गुरु गोरखनाथ समाज सेवा समिति ओर से ऑल हरियाणा समस्त जोगी समाज समन्वय सभा के प्रभारी महीपाल जोगी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का धन्यवाद किया है। उन्होंने प्रदेश सरकार से पानीपत के सिवाह सामान्य बस अड्डे का नाम गुरु गोरक्ष नाथ के नाम से रखने की मांग की है। वहीं जोगी समाज के प्रदीप उर्फ सोनू, सतीश कुमार, धर्मबीर जोगी समालखा, जयबीर व रामबीर आदि ने भी प्रदेश सरकार का आभार जताया है।

### समाधान शिविर में उमड़ी जनता की भीड़

**इसराना।** इसराना के सिंचाई विश्राम गृह में चल रहे एसडीएम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में शिकायतों को लेकर नागरिकों का लगातार आगमन हो रहा है। वहीं एसडीएम ज्योति मित्तल ने बताया कि हमारे पास अब तक 98 शिकायतें अलग-अलग समस्याओं की पहुंची है। इसमें अधिकतर परिवार पहचान पत्र, बीपीएल कार्ड धारकों की, बिजली कनेक्शन लेने, मकान बनवाने, अनाज मंडी से लगते हाईवे पर कट खोलने बारे थी।

---

दयनीय हालत में मिली स्वास्थ्य सेवा कंट्रोल रूम डॉयल 108

# सीएम फ्लाइंग ने मारा अस्पताल में छापा, डॉयल 108 की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मुख्यमंत्री के उडन दस्ते यानि सीएम फ्लाइंग की टीम ने पानीपत सिविल अस्पताल में पहुंच कर स्वास्थ्य सेवाओं की कंट्रोल रूम डॉयल 108 की जांच की। जांच के दौरान टीम को यहां काफी अनियमितताएं मिली।

वहीं, औचक निरीक्षण के दौरान एम्बुलेंस कंट्रोल रूम पानीपत में नेशनल हेल्थ मिशन हरियाणा से स्वीकृत स्टाफ से फलिट मैनेजर-1, ईएमटी 15 व चालक 33 कम पाए गए। सभी एंबुलेंस में सफाई अंदर से ठीक व बाहर से निम्न स्तर की पाई गई। एंबुलेंस नंबर एचआर 67 जीवी 1824 में जीपीएस लगा हुआ नहीं पाया गया। मोनिटर चालू हालत में नहीं था। एंबुलेंस नंबर एचआर 55 एजे 7057 में जीपीएस र लगा हुआ नहीं मिला। एंबुलेंस नंबर एचआर 67 जीवी 3320 में मेडिकल किट उपलब्ध नहीं पाई गई। एंबुलेंसों के स्टीकर बाहर से फटे हुए मिले। सभी एंबुलेंस की बायो मेट्रिक चालू हालत में नहीं पाई गई। किलकारी एंबुलेंस पर कुशल महिला कर्मचारी की तैनाती आवश्यक है, जो किसी भी एंबुलेंस पर तैनाती होनी नहीं पाई गई। दूसरी ओर, सीएम फ्लाइंग की टीम को शिकायतें मिल रही थी कि सिविल अस्पताल में मरीजों को समय पर एंबुलेंस नहीं दी जा रही।



पानीपत सिविल अस्पताल में एंबुलेंस की जांच करते हुए सीएम फ्लाइंग की टीम का सदस्य।

### एंबुलेंस कंट्रोल रूम नंबर 102, 108, 112 में प्राप्त हुई काल से विवरण लिया

टीम को अचानक निरीक्षण के दौरान एंबुलेंस कंट्रोल रूम कार्यालय में 24 कर्मचारी (चालक व ईएमटी), चार ओप्रेटर कार्यरत होने पाए गए है। जिनकी 12-12 घंटे दिन व रात की दो शिफ्टें बनाई गई है। मौजूदा ड्यूटी रोस्टर अनुसार शिफ्ट में आठ की ड्यूटी बनती है। जिनमें से छह (चालक व ईएमटी) उपस्थित पाए गए। एंबुलेंस कंट्रोल रूम नंबर 102, 108, 112 व 7988960108 पानीपत में प्राप्त हुई काल से विवरण प्राप्त किया गया। जिसमें गर्भवती महिला से संबधित काल-4179, रैफरल-1337, रोड साइड एक्सीडेंट-601, घर छोडने हेतू-1037, बीमार बच्चे व नवजात-2, अन्य प्रकार की आपातकालीन 530 कॉल प्राप्त हुई। उपरोक्त सभी 7686 को मुताबिक रिकार्ड एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध करवाई जानी मिली। सभी नंबर भी चालू हालत में मिले।

---


**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया, मानिक शर्मा को साइकिल भेंट करते हुए।

# सचिवालय में दो जरूरतमंदों को साइकिल भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उपायुक्त एवं रेडक्रास सोसाइटी के प्रधान डॉ.वीरेंद्र दहिया ने गुरुवार को सचिवालय परिसर में दो जरूरतमंदों मास्टर मानिक शर्मा व गुलाम अली को साइकिलें उपलब्ध कराते हुए कहा कि जिला रेडक्रास सोसाइटी, हमेशा जरूरतमंद व्यक्तियों के लिये प्रयासरत है और इसी कड़ी में मास्टर मानिक शर्मा, जिसके परिवार में उसकी माता व उसके अलावा कोई नहीं है पिछले कई वर्षों से साइकिलिंग कर रहा है, को साइकिल उपलब्ध करवाई गई है। विदित रहे कि गुलाम अली बहुत ही गरीब परिवार से संबंध रखता है और मजदूरी करके गुजर-बसर कर रहा है। उनके पास मजदूरी हेतु जाने के लिये साइकिल तक की भी व्यवस्था नहीं है। उनकी कमजोर माली हालत को देखते हुए उसे साइकिल उपलब्ध करवाई गई है। इस अवसर पर सचिव गौरव रामकरण, जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चंद मौजूद रहे। वहीं, सचिव गौरव रामकरण ने बताया कि रेडक्रास सोसाइटी, गरीब व्यक्तियों के लिये जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है।

---

# जन समस्याओं के हल में जुटे हैं 64 विभागाध्यक्ष व 26 कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर शिकायतकर्ताओं के लिए संजीवनी का कार्य कर रहे हैं। शिविर में पहुंचने वाले ज्यादातर शिकायतकर्ता शिकायत के निवारण के बाद प्रशासन का आभार प्रकट करते हुए इन समाधान शिविरों को ओर गति प्रदान करने का आग्रह करते हैं। देखने लायक बात यह है कि समाधान शिविर में पूरे प्रशासन का जोर आम नागरिक की समस्याओं के निदान के ईद गिर्द नजर आता है। उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया पूरे हौंसले के साथ आम नागरिक की समस्याओं को सुनते व समाधान का प्रयास करते है। उपायुक्त कहते है कि समाधान में थोड़ी सी देरी हो सकती है लेकिन समाधान न हो यह असंभव है। समाधान शिविर में पहुंचने वाले शिकायतकर्ताओं की शिकायत का निदान उनकी प्राथमिकता है। इसका असर धरातल पर दिखाई दे रहा है। लोग अपनी समस्याओं को लेकर जब जिला सचिवालय में पहुंचते हैं उनके चेहरे पर खुशी जरूर दिखाई पड़ती है। उनकी समस्या का समाधान अधिकारियों के सहयोग से तत्काल हो रहा है। समाधान शिविर में 64 विभागाध्यक्ष, 12 क्रीड विभाग के कर्मचारी, 14 सीईए ब्रांच वन के कर्मचारी जनता की समस्याओं के निराकरण में जुटे हैं।


**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया व पुलिस कप्तान अजीत शेखावत, जनसुनवाई करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# लोन वितरण में लापरवाही पर कार्रवाई होगी

## एडीसी ने बैंकर्ज के साथ त्रिमासिक बैठक में की प्रगति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज ने गुरूवार को जिला सचिवालय में बैंकर्ज की त्रिमासिक बैठक में 2023-24 की प्रगति को लेकर बैंकर्ज को निर्देश दिए कि उनके पास जो भी ऋण लेने संबंधी मामले पेंडिंग है उनका निश्चित अवधि में निस्तारण करें। सरकार बैंकों का सहयोग कर रही है। जिसमें आम व्यक्ति का फायदा पहुंचे इसी उद्देश्य को लेकर समय समय पर कैंपों का भी आयोजन किया जाता है। बैंकर्ज की लोन संबंधी प्राथमिकता होनी चाहिए। यह बैंकर्ज को सुनिश्चित करन होगा। एडीसी डॉ पंकज ने बैंकर्ज से किस बैंक में कितने ऋण संबंधी मामले पैंडिंग है की जानकारी भी हासिल की व देरी का कारण जाना। इससें आवेदनकर्ताओं का सरकार व व्यवस्था के प्रति विश्वास उठता है। जो सही नहीं है। उन्होंने देरी से आने वाले बैंकर्ज के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही। वहीं, डॉ.पंकज ने सभी बैंकर्ज को चेतावनी दी कि यदि उन्होंने अपनी कार्य शैली में बदलाव नहीं किया तो मजबूरन उन्हें बैंकर्ज के विरुद्ध ठोस कार्यवाही करनी पड़ेगी। उन्होंने बैंकर्ज को एक सप्ताह में ऋण लेने वालो के ऋण से संबंधित पेंडिंग मामलों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों व कृषि क्षेत्र से जो भी आवेदनकर्ता ऋण के लिए आवेदन करते है उन्हें अच्छी तरह से अटैंड करें व उनके ऋण संबंधी मामलों पर संज्ञान लेकर उन्हें सिरे चढ़ाने का प्रयास करें। बैठक में एलडीएम तुलाराम ने बताया कि एक से छह जुलाई तक सीएम स्वनिधि के तहत मामलों को निपटाया जाएगा। उन्होंने बैंकर्ज को इसके लिए तैयार रहने के लिए कहा। इस मौके पर रोजगार कार्यालय अधिकारी रितु चहल, मत्स्य अधिकारी अनुज कुमारी, विभिन्न बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे।


**पानीपत।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ पंकज, बैंक अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

---

### समाधान शिविर में पंहुची 6 शिकायतः आदित्य

**पिहोवा।** तहसीलदार पिहोवा आदित्य रंगा ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में समाधान प्रकोष्ठ शिविरों का आयोजन प्रतिदिन कार्य दिवस में किया जा रहा है। ये शिविर प्रत्येक कार्य दिवस पर प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक लगाए जाते हैं। इन शिविरों के माध्यम आमजन की समस्याओं की सुनवाई की जाती है तथा मौके पर उनका निपटान किया जाता है। तहसीलदार आदित्य रंगा वीरवार को उपमंडल अधिकारी नागरिक कार्यालय में आयोजित समाधान प्रकोष्ठ शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। वीरवार को आयोजित समाधान प्रकोष्ठ शिविर में कष्ट निवारण हेतु 6 शिकायतों पर सुनवाई की गई। इनमें से पांच शिकायतें पीपीपी आईडी से संबंधित तथा एक शिकायत प्रोपर्टी आईडी से सम्बंधित थी।।

# वृंदावन पार्क में पौधे रोपे, देखभाल का संकल्प लिया

- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एक पेड़ मां के नाम अभियान के जिला संयोजक डॉ. हेमा रमन और मंडल संयोजक हिमांशु शर्मा द्वारा वीरवार को हुडा सेक्टर 12 के वृंदा पार्क में पौधारोपण किया गया और स्थानीय लोगों को उनकी देखभाल करने का संकल्प दिलवाया। डॉ. हेमा रमन ने बताया अभी समय रहते अगर हम अपने पर्यावरण के प्रति जागरूक न हुए तो आने वाले कुछ वर्षों में जीवन बहुत कठिन हो जाएगा इसलिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। हिमांशु शर्मा ने कहा तापमान हर साल बढ़ता जा रहा है शुद्ध हवा कम हो रही है कहीं वह समय ना आ जाए हमें ऑक्सीजन खरीद कर प्रयोग करनी पड़े। आज ही पौधारोपण को अपने जीवन का अहम हिस्सा मानते हुए पौधे लगाएं। इस मौके पर गजेंद्र सिंह दहिया, हिमांशु शर्मा, गजेंद्र सलूजा, प्रवीन रेवड़ी, उद्दीश शर्मा, डा.राज रमन, नवीन रेवड़ी, हरीश वधवा, मुलखराज बांगा, चुन्नी लाल लखीना, पारस मल्होत्रा सेक्टर 12 वासी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



पानीपत। पानीपत के वृंदा पार्क में पौधरोपण करते हुए डा.हेमा रमन व अन्य ।

# अहर गांव में दोबारा होगा सरपंच पद का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

पानीपत के ब्लाक इसराना के गांव अहर के सरपंच महेंद्र सिंह का बस्ता जमा होने से गांव में चल रहे विकास कार्य ठप हो गये हैं।

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी इसराना कार्यालय के सचिव ने गांव में पहुंच कर बस्ता अपने कब्जा में लेकर जमा कर लिया है। उल्लेखनीय यह है कि गांव अहर में पंचायत चुनाव में सरपंच पद के लिए चुनाव हुआ। जिसमें धांधली होने का आरोप लगाते हुए चुनाव हारे दूसरे स्थान पर रहने वाले भगवान दास ने एक मुकदमा पानीपत की अदालत में दायर किया। जिसमें चुनाव में धांधली हुई पाई गई। वहीं इसको लेकर सरपंच महेंद्र सिंह ने पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट चंडीगढ़ की शरण ली। हाई कोर्ट ने पूरे मामले की सुनवाई जिला सिविल सीनियर सत्र न्यायाधीश को दे दी। इस पर सिविल सीनियर सत्र न्यायाधीश ने निर्देश दिया की अहर के पंचायत चुनाव में धांधली हुई है। इसे निरस्त करते हुए दुबारा चुनाव कराने ओर बस्ता जमा करने को डा.नरेश कुमार सिंघल जिला सत्र न्यायाधीश ने फैसला दिया।

---

# सुभाष कलसाना ने पौधरोपण मुहिम की शुरूआत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

छात्र संगठन एबीवीपी के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुभाष कलसाना शाहाबाद में निरंतर सक्रियता बनाए हुए है। उनका आमजन से मिलने और संवाद करने का कार्यक्रम प्रतिदिन जारी है। सुभाष कलसाना के द्वारा नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति युवाओ को जागरूक करने के लिए अनेको कार्यक्रम आयोजित किए गए, फिर चाहे वो पैदल जागरुकता यात्रा हो या युवाओ से नशा न करने का संकल्प हो। वही वर्तमान समय मे पर्यावरण की स्थिति सबके सामने जाहिर है जहां तापमान का बढ़ना अपने पिछले रिकार्ड को तोड़ रहा है वही आमजन के स्वास्थ्य के लिए यह स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है। इसीलिए पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने और मानव जीवन की खुशहाली के लिए समाजसेवी सुभाष कलसाना ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस यूथ फाउंडेशन के साथ मिलकर पौधरोपण मुहिम शुरू की है। इसी को लेकर गांव जंधेड़ी में पौधरोपण किया। इसके अंतर्गत शाहबाद में पौधारोपण करने के साथ-साथ आमजन को धरती को हरी भरी करने के लिए पौधे वितरित करके पर्यावरण की खुशहाली में योगदान देने हेतु प्रेरित किया जाएगा।


**शाहबाद।** पौधरोपण मुहिम की शुरुवात करते सुभाष कलसाना।

### नशा मुक्त अभियान में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डॉ. अशोक कुमार वर्मा को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** नशा मुक्त भारत पखवाड़े के अंतर्गत हरियाणा पुलिस द्वारा 12 जून से 26 जून तक नशा मुक्त हरियाणा पखवाड़ा मनाया गया। यह राज्य स्तरीय समारोह राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर 14 पंचकूला में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर मुख्यातिथि थे। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के प्रमुख ओपी सिंह की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ जिसमें पंचकूला पुलिस कमिश्नर सिबास कविराज, पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत, पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार, राज्य भर से आए नोडल अधिकारी और अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। इस समारोह में हरियाणा में नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत अति सराहनीय सेवाओं के लिए 23 अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को नशा मुक्ति अभियान के अति सराहनीय उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर द्वारा प्रशंसा पत्र और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। उच्चाधिकारियों ने उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि पुरे हरियाणा में नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में इनका बहुत ही सराहनीय योगदान है।

### विशेष लोक अदालत 29 जून से

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय भारत द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार कम-सब- रजिस्ट्रार पानीपत।**

विषयः संजय नागपाल पुत्र श्री औम प्रकाश नागपाल निवासी मकान नम्बर 103, सैक्टर 11 हुडा पानीपत
बनाम
जनरल पब्लिक!

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि संजय नागपाल पुत्र श्री औम प्रकाश नागपाल निवासी नकान नम्बर 103, सैक्टर 11 हुडा पानीपत ने वारसान तसदीक हेतु पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी की माता श्रीमति दया रानी नागपाल पत्नी श्री औम प्रकाश नागपाल की दिनांक 7/8/2020 को मृत्यु हो चुकी है यह कि श्रीमति दया रानी नागपाल की मृत्यू उपरान्त उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं। हल्का पटवारी एवं चंचल सहगल नगर निगम पार्षद वार्ड-8 द्वारा अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है।

1- सुरिन्द्र नागपाल 2- गुलशन नागपाल 3- संजय नागपाल 4- सुनील नागपाल 5- साहिल नागपाल मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है।

इनके इलावा मृत्तक श्रीमति दया रानी पत्नी श्री ओम प्रकाश नागपाल का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/ उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 27-06-24 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-तहसीलदार-कम-
सब रजिस्ट्रार, पानीपत।

---

कार्यक्रम — 29 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भाजपा की प्रदेश स्तरीय बैठक को संबोधित करेंगे

# पंचकूला में कार्यक्रम में शिरकत करेंगे पार्टी पदाधिकारी

- जन कल्याण है भाजपा की विचारधारा : दुष्यंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पंचकूला में 29 जून को देश के गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा की प्रदेश स्तरीय बैठक को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने अपने कार्यालय में आयोजित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि भाजपा में जहां सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान होता है वहीं भाजपा सिद्धांतों पर चलने वाली ऐसी राजनीतिक पार्टी है। जिसमें अंत्योदय की भावना से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण के बारे में गंभीरता से विचार कर योजनाएं बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा, सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास की धारणा पर चलते हुए जनकल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पंचकूला में होने वाली विस्तारित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में सभी योजनाओं पर विचार किया जाएगा और विधानसभा चुनाव पर भी मंथन कर रणनीति तैयार की जाएगी। इसके लिए 21 सदस्य कमेटी का गठन किया गया है। विस्तृत प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में किन-किन बातों पर विचार होगा इसके लिए 28 को प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक होगी जिसमें सभी प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नागरिकों को सभी मूलभूत बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए विस्तृत योजना तैयार कर रही है जिसके बेहतर क्रियान्वयन से हरियाणा प्रदेश को विकास के मामले में नंबर एक लेन का प्रयास किया जाएगा।


भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए।

